जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्र0/जीविवि/परीक्षा–2/गोपनीय/2013/2035 **दिनांक.22.11.2013**

प्रति,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या,
सम्बद्ध महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर

विषयः–स्नातक–बी0ए0/बी0कॉम/बी0एस0सी0/बी0एस0सी0 (होम साइंस) पंचम सेमेस्टर परीक्षा नवम्बंर 2013 हेतु आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंक **<u>दिनांक 05 दिसम्बर 2013</u>** तक अनिवार्य रूप से बेवसाईट पर अपलोड करने बावत।

महोदय,

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्नातक पंचम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शीघ्रताशीघ्र घोषित किया जाना है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने महाविद्यालय के सभी नियमित बी0ए0/बी0कॉम/बी0एस0सी0/बी0एस0सी0 (होम साइंस) पंचम सेमेस्टर (एकल प्रश्न–पत्र प्रणाली) के छात्रों के आंतरिक मूल्यांकन के अंक एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंक 05 दिसम्बर 2013 तक अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय की बेवसाईट पर अपलोड करें। अपलोड न करने की स्थिति में ऐसे छात्रों का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किया जावेगा। और उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपके महाविद्यालय का होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी प्रकार के आंतरिक मूल्याकन एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंक स्वीकार नहीं किये जावेगें।

आप यह भी सुनिश्चित करें कि उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सभी छात्रों को उनके आंतरिक मूल्यांकन के अंको से अवगत करा दिया गया है। और किसी भी छात्र के आतंरिक मूल्यांकन के अंक अपलोड करना शेष नहीं है।

आप से अनुरोध है कि आप विश्वविद्यालय की ई–मेल आईडी **jiwajiconf@ymail.com** पर इस आशय का एक प्रमाण पत्र मेल करें। जिसमें यह स्पष्ट किया जाये की स्नातक पंचम सेमेस्टर के सभी छात्रों के आतंरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय की बेवसाईट पर अपलोड कर दिये गये है। और किसी भी छात्र के अंक विश्वविद्यालय को भेजना शेष नहीं है।

आशा है प्राथमिकता के आधार पर परीक्षा अत्यावश्यक कार्य में आपका सहयोग प्राप्त होगा।

कुलसचिव